2840(E)
29/04/2026

मुख्य अभियंता(उ)
29/4/26

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 28/4/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमण्डल, दरभंगा के अन्तर्गत Widening & Strengthening of Jalley-Jogiyara-Makiya Road from Ch.-0.00 to 7.793 Km. (Total Length-7.793 Km.) for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के वित्तीय बीड पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–30.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–3894 दिनांक–30.12.2025 द्वारा संसूचित है में लिए गए निर्णय पर विभागीय ज्ञापांक–1543(ई०) दिनांक–26.02.2026 द्वारा संसूचित विभागीय निविदा समिति का निर्णय तदनुसार मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–835(अनु०) दिनांक–09.03.2026 के माध्यम से प्राप्त वित्तीय बीड की अनुशंसा एवं जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening & Strengthening of Jalley-Jogiyara-Makiya Road from Ch.-0.00 to 7.793 Km. (Total Length-7.793 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, दरभंगा। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2310.63 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–6996(एस०) दिनांक–06.08.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2307.91 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2592(अनु०) दिनांक–16.08.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹2160.53619 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 12 (Twelve) Months |

2.8 निविदा की प्रक्रिया : ई–टेंडरिंग (SBD)

2.9 निविदा प्राप्ति की तिथि : 10.12.2025

2.10 प्राप्त निविदा की संख्या : 06 (छः) अदद यथा :–

(i) Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd.
(ii) M/s Vidyarthi Construction Private Limited
(iii) Satish Kumar Thakur
(iv) M/s Barhonia Engicon Private Limited
(v) M/s Alam Enterprises & Brothers
(vi) Narsingh Singh

2.11 विभागीय संचिका संख्या एवं उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग एवं विभागीय निविदा समिति द्वारा प्राप्त परिवाद के निष्पादन का प्रसंग : प्र0–7 / निविदा–03–142 / 2025
उपभागीय ज्ञापांक–3894 दिनांक–30.12.2025
विभागीय ज्ञापांक–1543(ई०) दिनांक–26.02.2026

2.12 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा है। दिनांक–26.09.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही, जो विभागीय ज्ञापांक–6706 दिनांक–26.09.2025 द्वारा संसूचित है, द्वारा उक्त कार्य की निविदा के वित्तीय बीड में प्रथम न्यूनतम निविदाकार M/s Vidyarthi Construction Pvt. Ltd. (L-1) का Available Bid Capacity वाँछित Bid Capacity से कम होने के कारण निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु निदेश देने के फलस्वरूप कार्यपालक अभियंता द्वारा पुनर्निविदा आमंत्रित की गई है।

2.13 परिवाद की स्थिति : परिवाद प्राप्त है। दिनांक–26.02.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही में लिए गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में विभागीय ज्ञापांक–1543(ई०) दिनांक–26.02.2026 द्वारा परिवाद का निस्तारण किया जा चुका है।

3. **मुख्य अभियंता, उत्तर का अनुशंसा (पत्रांक–835(अनु०) दिनांक–09.03.2026):–**

विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा का वित्तीय बीड प्राप्त हुआ है। दिनांक–26.02.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति के निर्णयानुसार तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों की निविदित राशि निम्नवत् है:–

| क्र० सं० | निविदाकार का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (Rs.) | उद्धृत दर (%) | उद्धृत दर पर राशि (Rs.) | बीड रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **M/s Alam Enterprises & Brothers** | ₹21,60,53,619.00 (इक्कीस करोड़ साठ लाख तिरपन हजार छः सौ उन्नीस रुपये) | **परिमाण विपत्र की राशि से 17.86% (सतरह दशमलव आठ छः) प्रतिशत कम दर पर।** | **₹17,74,66,442.65 (सतरह करोड़ चौहत्तर लाख छियासठ हजार चार सौ बयालीस रुपये पैंसठ पैसे)** | **L-1** |
| 2. | Narsingh Singh | | परिमाण विपत्र की राशि से 15.55% (पन्द्रह दशमलव पाँच पाँच) प्रतिशत कम दर पर। | ₹18,24,57,281.25 (अठारह करोड़ चौबीस लाख सन्तावन हजार दो सौ इक्यासी रुपये पच्चीस पैसे) | L-2 |
| 3. | M/s Vidyarthi Construction Private Limited | | परिमाण विपत्र की राशि से 12.67% (बारह दशमलव छः सात) प्रतिशत कम दर पर। | ₹18,86,79,625.47 (अठारह करोड़ छियासी लाख उनयासी हजार छः सौ पच्चीस रुपये सैंतालीस पैसे) | L-3 |
| 4. | M/s Barhonia Engicon Private Limited | | परिमाण विपत्र की राशि से 11.12% (ग्यारह दशमलव एक दो) प्रतिशत कम दर पर। | ₹19,20,28,456.57 (उन्नीस करोड़ बीस लाख अट्ठाईस हजार चार सौ छप्पन रुपये सन्तावन पैसे) | L-4 |
| 5. | Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd. | | परिमाण विपत्र की राशि से 1.95% (एक दशमलव नौ पाँच) प्रतिशत कम दर पर। | ₹21,18,40,573.43 (इक्कीस करोड़ अठारह लाख चालीस हजार पाँच सौ तिहत्तर रुपये तेंतालीस पैसे) | L-5 |

इस प्रकार वित्तीय बीड में सफल प्रथम न्यूनतम निविदाकार M/s Alam Enterprises & Brothers है, जिनका निविदित दर परिमाण विपत्र की राशि से 17.86% कम है, जिस पर निविदा की राशि ₹17,74,66,442.00 (सतरह करोड़ चौहत्तर लाख छियासठ हजार चार सौ बयालीस रुपये) मात्र होती है। अतः न्यूनतम निविदाकार M/s Alam Enterprises & Brothers के पक्ष में ₹17,74,66,442.00 (सतरह करोड़ चौहत्तर लाख छियासठ हजार चार सौ बयालीस रुपये) मात्र पर कार्य आवंटन की अनुशंसा की जाती है।

4. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

4.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–835(अनु०) दिनांक–09.03.2026 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा पथ प्रमण्डल, दरभंगा के अन्तर्गत **Widening & Strengthening of Jalley-Jogiyara-Makiya Road from Ch.-0.00 to 7.793 Km. (Total Length-7.793 Km.) for the year 2025-26** कार्य की पुनर्निविदा के वित्तीय बीड में सफल न्यूनतम निविदाकार **M/s Alam Enterprises & Brothers** को उनके उद्धृत दर जो परिमाण विपत्र की राशि से 17.86% (सतरह दशमलव आठ छः) प्रतिशत कम यानि् ₹17,74,66,442.00 (सतरह करोड़ चौहत्तर लाख छियासठ हजार चार सौ बयालीस रुपये) मात्र, पर निविदा की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4.2 यदि उक्त संवेदक पथ निर्माण विभाग में निबंधित नहीं है, तो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अधीन उनके निबंधित होने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाए।

4.3 एकरारनामा करने के पूर्व अग्रधन की राशि का सत्यापन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराना सुनिश्चित किया जाय।

4.4 निविदाकार से SBD के सुसंगत कडिकाओं के आलोक में निर्गत विभागीय पत्रांक–447(S) दिनांक–16.01.2020 में निहित प्रावधान के अन्तर्गत आवश्यक अतिरिक्त Performance Security प्राप्त करने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाय।

4.5 राशि की अंकगणितीय जाँच मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अपने स्तर से कर लिया जायेगा।

4.6 एकरारनामा होने के उपरान्त इसकी सूचना विभाग को भी उपलब्ध करायी जाय।

4.7 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को e-proc website पर प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष<br>सचिव (कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–142/2025 2840 (E) पटना, दिनांक 29/04/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, दरभंगा/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।